4th class Hindi Bodh ch. 3 Ques.Ans

मौखिक

1)प्रश्नों के उत्तर बताओ_

क) नन्ही कौन थी ? उत्तर- नन्ही एक बत्तख थी ।

ख) बिच्छू कहाँ फँस गया था ?

उत्तर - बिच्छू दलदल में फँस गया था ।

ग) नन्ही का स्वभाव कैसा था ?

उत्तर - नन्ही का स्वभाव परोपकारी था।

लिखित

2)प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) बिच्छू के स्वभाव के बारे में माँ ने नन्ही से क्या कहा ?

उत्तर- बिच्छू के स्वभाव के बारे में माँ ने नन्ही से कहा कि बिच्छू अपने गंदी आदत का गुलाम है वह उसे चाहे कितनी बार भी बचाए, वह बार-बार उसे डंक मारता रहेगा ।

ख) नन्ही ने अपने स्वभाव के बारे में बिच्छू से क्या कहा ?

उत्तर- नन्ही ने अपने स्वभाव के बारे में बिच्छू से कहा कि उसका स्वभाव भलाई करना है वह उसे छोड़ नहीं सकती । उसका काम बचाना है, वह मुसीबत में पड़े को बार-बार बचाती रहेगी।

घ) नन्ही ने बिच्छू को दुबारा क्यों बचाया ?

उत्तर- नन्ही ने बिच्छू को दुबारा इसलिए बचाया क्योंकि उसने सोचा कि उसने अपनी बुरी आदत छोड़ दी होगी ।

ङ) **अंत में अपनी भूल का अहसास होने पर बिच्छू ने क्या कहा?**

उत्तर- अंत में अपनी भूल का अहसास होने पर बिच्छू ने कहा कि अब वह किसी निर्दोष को डंक नहीं मारेगा ।

ड़) इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ?

उत्तर- इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि गुण तथा अवगुण ही हमारी पहचान होते हैं और हमें अच्छे गुणों तथा स्वभाव को कभी नहीं छोड़ना चाहिए ।